अनुस्मारक–2

निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0,
तृतीय तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

पत्र संख्या : C-1129 /बा0वि0परि0/आं0बा0के0नि0/2021–22 दिनांक 23 दिसम्बर, 2021

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/प्रभारी,
(जनपद–आगरा, अमेठी, अयोध्या, बागपत, बहराइच, बस्ती, बिजनौर, चन्दौली, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गोण्डा, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशाम्बी, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सहारनपुर, शामली, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, मऊ, बाराबंकी, रायबरेली, संभल, पीलीभीत, चित्रकूट, अमरोहा, एटा एवं वाराणसी को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

विषयः– विद्यालयों के साथ Co-located आंगनबाड़ी केन्द्र अर्थात् प्राथमिक विद्यालयों के कक्षों अथवा परिसर में स्थापित विभागीय भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के विभागीय कोड एवं U-DISE code (स्कूल से सम्बन्धित) उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

निदेशालय पत्र संख्या–सी–950/बा0वि0परि0/आं0बा0के0नि0/2021–22 दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 एवं पत्र संख्या–सी–952/बा0वि0परि0/आं0बा0के0नि0/2021–22 दिनांक 16 नवम्बर, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके क्रम में आपको अवगत कराया गया था कि शिक्षा विभाग के स्तर से योजनाओं के आच्छादन हेतु संचालित केन्द्रों से सम्बन्धित प्राथमिक विद्यालयों के U-DISE code की आवश्यकता होती है, जिसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप को संलग्न कर आपको इस निर्देश के साथ प्रेषित किया गया था कि आप उक्त सूचना को दिनांक 01.11.2021 तक Font-Times New Roman- M.S. Excel में भरकर ई0मेल आई0डी0–icdsawcn2@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। किन्तु आप द्वारा अभी तक उक्त सूचना प्राप्त नही करायी गयी है। उपरोक्त सूचना प्रेषित न किये जाने के कारण शिक्षा विभाग को सूचना दिया जाना संभव नहीं हो रहा है।

अतः आपको अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि उक्त सूचना निर्धारित प्रारूप एवं उल्लिखित फॉन्ट/फार्मेट पर दिनांक 28.12.2021 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

23/12/21

(दिलीप कुमार अग्रवाल)
अपर निदेशक (वित्त)

पृष्ठांकन संख्या– /तददिनांक
प्रतिलिपिः– सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(दिलीप कुमार अग्रवाल)
अपर निदेशक (वित्त)